# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 03.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2025 समारोह में पाकुड़ के झिकरहाटी पूर्वी पंचायत को महिला हितैषी पंचायत के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया जाएगा सम्मानित।**
2. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने की खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा, जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने और नए दाल–भात केंद्र खोलने का दिया निर्देश।**
3. **राजस्थान पुलिस ने अंतरराज्यीय नकली नोट गिरोह का किया खुलासा, गढ़वा के युवक को दिल्ली से किया गिरफ्तार।**
4. **राजधनी रांची सहित राज्यभर में अगले एक सप्ताह तक बदला रहेगा मौसम का मिजाज।**
5. **15वीं झारखंड सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में जेएसएसपीएस के तैराकों का शानदार प्रदर्शन, प्रथमी सिंह सरदार ने जीते पांच पदक।**

*******************

पाकुड़ के झिकरहाटी पूर्वी पंचायत को महिला हितैषी पंचायत के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2025 से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह देशभर की चयनित पंचायतों को यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस वर्ष देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 42 पंचायतों का चयन किया गया है।

झारखंड की झिकरहाटी पूर्वी पंचायत का चयन महिलाओं के सशक्तिकरण और महिला हितैषी पहल के लिए किया गया है। पंचायत को सम्मान के साथ 75 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। यह उपलब्धि राज्य की पंचायतों के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है।

*******************

जनजातीय कार्य मंत्रालय आज नई दिल्ली में एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियों और परियोजनाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी।

यह आयोजन जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत हो रहा है। राष्ट्रपति, बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान के नैनो विज्ञान और इंजीनियरिंग केंद्र में प्रशिक्षण केंद्र का वर्चुअल रूप से उद्घाटन करेंगी। वे देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित 75 अंतरिक्ष प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन में 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में श्रमिकों की सुविधा के लिए नए दाल–भात केंद्र खोलने तथा मॉडल दाल–भात केंद्र विकसित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में राशन कार्ड वितरण, खाद्यान्न आपूर्ति, पीवीटीजी डाकिया योजना, धान अधिप्राप्ति और खाद्यान्न भंडारण के लिए गोदामों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने रांची स्थित रिम्स का दौरा किया। रिम्स की वर्तमान स्थिति पर उन्होंने चिंता जाहिर की है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर जाने को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं, साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रिम्स का दौरा करने की अपील की है।

*******************

रांची नगर निगम ने मानसून से पहले शहर में अतिक्रमण, अवैध जल कनेक्शन, पार्किंग व्यवस्था और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने हिंदपीढ़ी क्षेत्र में हरमू नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों को पोकलेन और जेसीबी मशीनों की मदद से गाद निकालने का कार्य तेज करने तथा नदी की जलधारण क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए–

*******************

आईआईएम रांची में आज से दो दिवसीय **"टीचिंग विद केसेस"** सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर विलिस एम. एमन्स शिक्षकों को केस–आधारित शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण देंगे। इस सेमिनार का उद्देश्य प्रबंधन शिक्षा में केस–आधारित और प्रतिभागी–केंद्रित शिक्षण पद्धति को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के माध्यम से कक्षाओं में संवाद, चर्चा और व्यावहारिक सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

******************

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरायकेला नगर पंचायत के वार्ड संख्या–9 की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभुक सेवती साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। सेवती साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली महत्वपूर्ण योजना साबित हुई है।

******************

राजस्थान के दौसा जिले की पुलिस ने नकली नोट छापने और उनकी सप्लाई करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने फरीदाबाद से गढ़वा जिले के खरौंदी निवासी विशाल उपाध्याय और अलीगढ़ निवासी संतोष सिंह वाल्मीकि को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान उनके ठिकाने से प्रिंटिंग मशीनों के साथ 24 लाख 84 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए गए हैं।

******************

राजधानी रांची की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात ने अल्बर्ट एक्का चौक से सुजाता चौक तक के दुकानदारों के साथ बैठक कर अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और सड़क किनारे दुकान लगाने के मुद्दों पर चर्चा की। ट्रैफिक एसपी राकेष सिंह ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम में उतार–चढ़ाव बना रह सकता है। राजधानी रांची समेत कई क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई है, जबकि कुछ हिस्सों में गर्मी का असर अभी भी बना हुआ है। 4 और 5 जून को राज्य के उत्तर–पूर्वी और मध्य भागों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

******************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 15वीं झारखंड सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप–2026 में झारखंड स्टेट स्पोर्टस प्रमोशन सोसाइटी **जेएसएसपीएस** के तैराकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में प्रथमी सिंह सरदार ने एक स्वर्ण और चार रजत पदक सहित कुल पांच पदक अपने नाम किए। वहीं, लखिंदर सिंह मुंडा ने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य से प्रकाशित होनेवाले लगभग सभी अखबारों ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव के हटाये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** और **दैनिक भास्कर** ने लिखा है–– रांची के सार्थक ने बतायी ओएसएम की 15 कमियां, चेयरमैन और सचिव हटाये गये।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है–– एक्सएलआरआई निजी प्रबंधन संस्थान देश में दूसरे स्थान पर।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है लचर एंबुलेंस सेवा की शिकायतों पर सीएम नाराज

***************